बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया
Email ID: dfo1vtr@gmail.com Mob:8986153401

# अति–अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 04/2025–26

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग, बिहार। |
| 2. | विज्ञापन दाता का नाम पता | वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया |

| क्र० सं० | विवरणी | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1. | परिमाण बिक्री के आरंभ की तिथि | 16/12/2025 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से | वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया |
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 17/12/2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्य अवधि में। | |
| 2. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 18/12/2025 को 04.00 बजे अपराह्न तक कार्य अवधि में। | |
| 3. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19/12/2025 को 4.00 बजे अपराह्न | |

| क्र० सं० | कार्य का विवरण | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के अंतर्गत Portable LED Light Tower की आपूर्ति। | 5,000/– (पाँच हजार) रूपये मात्र | 25,000/– (पचीस हजार) रूपये मात्र |

वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं के निर्माण कार्यों के लिए निर्माण से संबंधित सामग्री का क्रय किया जाना है। निबंधित आपूर्तिकर्त्ताओं/निबंधित फर्म/प्रतिष्ठानों से निर्धारित विशिष्टताओं के सामग्रियों की आपूर्ति हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक 18/12/2025 को अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया 845438 के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। ये तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें निर्धारित तिथि में वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के निविदा समिति के समक्ष वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के कार्यालय में सभी निविदाओं को निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी। तकनीकी एवं वित्तीय निविदाओं के लिए प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक– 17/12/2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्यालय अवधि में रूपये 5,000/– (पाँच हजार) का शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है अथवा विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है। ऐसे निविदादाता जिनके द्वारा निविदा शर्त्त एवं प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये हो, वे प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 5000/– (पाँच हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। निविदा प्रपत्र में आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्त्ति की जानेवाली सामग्रियों की दर अंकित करते हुए अग्रधन के रूप में रु० 25,000/– (पचीस हजार) का बैंक ड्राफ्ट जो (Divisional Forest Officer-cum-Deputy Director, Valmiki Tiger Reserve Division-1, Bettiah) वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उप निदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के पदनाम से बेतिया स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से भुगतेय हो, संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए पर्यावरण एवं वन विभाग के वेबसाईट *www.forest.bih.nic.in* या *www.iprdbihar.gov.in* पर संपर्क किया जा सकता है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया
Email ID: dfo1vtr@gmail.com Mob:8986153401

# निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निर्धारित शर्तें
# अति–अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 04/2025–26

1. निबंधित आपूर्त्तिकर्त्ताओं/निबंधित फर्म/प्रतिष्ठानों से निर्धारित विशिष्टताओं के सामग्रियों की आपूर्ति हेतु (विस्तृत विवरणी निविदा प्रपत्र में अंकित है) सीलबंद तकनीकी एवं वित्तीय निविदा दिनांक 18/12/2025 को 04.00 बजे अपराह्न तक वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया 845438 के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।
2. निविदा शर्त एवं विहित प्रपत्र वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया कार्यालय से दिनांक 17/12/2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक कार्य अवधि में रूपये 5000/– (पाँच हजार) प्रति की दर से प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते है। ऐसे निविदादाता जिनके द्वारा निविदा शर्त्त एवं प्रपत्र विभागीय वेबसाईट से डाउनलोड किये गये हो, वे प्रपत्र मूल्य के रुप में रूपये 5000/– (पाँच हजार) का डिमांड ड्राफ्ट तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करेंगे। प्रपत्र का मूल्य अप्रत्यर्पणीय होगा। निविदाकर्त्ता **'तकनीकी निविदा'** तथा **'वित्तीय निविदा'** दो अलग–अलग लिफाफों में डालकर एवं सीलबंद कर दोनों लिफाफों को एक अलग लिफाफे में डालकर सीलबंद करेंगे। तकनीकी निविदा के लिफाफे पर **"तकनीकी निविदा"** तथा उस पर अपना नाम–पता एवं निविदा का विज्ञापन संख्या–04/2025–26 अंकित करेंगे। उसी प्रकार 'वित्तीय निविदा' के लिफाफे पर **"वित्तीय निविदा"** लिखकर अपना नाम–पता एवं निविदा का विज्ञापन संख्या–04/2025–26 अंकित करेंगे। मुख्य लिफाफा जिसके अन्दर तकनीकी निविदा तथा वित्तीय निविदा के दोनों सील बंद लिफाफे रहेंगे पर **"सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा"** एवं निविदा का विज्ञापन संख्या–04/2025–26 अंकित कर अपना नाम–पता अंकित करेंगे।
3. प्राप्त निविदायें दिनांक 19/12/2025 को 4.00 बजे अपराहन् में वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उप निदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया के कार्यालय कक्ष में सभी निविदाओं को निविदाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। यदि कोई निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं होते हैं तब भी निविदा मान्य समझा जायेगा।
4. निविदा कालावधि निविदा निष्पादन की तिथि से एक वर्ष के लिये होगा।
5. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा के साथ अग्रधन के रूप में रूपये 25,000/– (रूपये पचीस हजार) का डिमांड ड्राफ्ट जो Divisional Forest Officer-cum-Deputy Director, Valmiki Tiger Reserve Division-1, Bettiah (वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया) के पदनाम से बेतिया स्थित किसी राष्ट्रीयकृत बैंक में भुगतेय हो, संलग्न करना होगा। सशर्त, त्रुटिपूर्ण अथवा बिना अग्रधन के प्राप्त होने वाले निविदा को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
6. अर्पित निविदा में तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के सभी पृष्ठों पर हस्ताक्षर अनिवार्य है। तकनीकी निविदा के साथ निविदा सूचना एवं निविदा शर्तें हस्ताक्षरित कर संलग्न करनी होगी।
7. अर्पित किये गये सामग्री पर सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर सभी प्रकार के देय कर यथा आयकर, जी.एस.टी. इत्यादि निविदाकर्त्ता द्वारा अर्पित दर में सम्मिलित होगा।

8. निविदाकर्त्ता द्वारा अर्पित दर में विहार SOR में अंकित निर्देश (गिट्टी में Shrinkage इत्यादि) तथा सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशों यथा रॉयल्टी, मालिकाना फीस एवं अन्य निर्देशों के अनुपालन में लागू अतिरिक्त भार सम्मिलित होगा।

9. निविदाकर्त्ता द्वारा सरकार द्वारा समय–समय पर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना होगा।

10. निविदाकर्त्ता से वनो के क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्रियों की मॉग किये जाने पर निर्धारित स्थल एवं मात्रा में उच्च गुणवत्ता की सामग्री आपूर्ति करनी होगी।

11. निविदादाताओं के वित्तीय निविदा का मूल्यांकन सभी समग्रियों के आपूर्ति हेतु अर्पित किये गये अलग–अलग दरों में से जो न्यूनतम होगा के आधार पर **सक्षम स्तर के अनुमोदन के उपरांत** तय किया जाएगा। सामग्रियों के लिए अर्पित दरों में वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य, प्रमंडल–1 अंतर्गत रघिया, मंगुराहा एवं गोवरधना प्रक्षेत्र के कार्यक्षेत्र तक परिवहन लागत एवं कंडिका 7 एवं 8 में अंकित सभी कर तथा अन्य फीस सम्मिलित होना चाहिए।

12. सक्षम पदाधिकारी के निर्देशन में हीं सामग्रियों की आपूर्ति ली जाएगी एवं आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति के पश्चात कार्यक्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा सामग्री की गुणवत्ता एवं संख्या का सत्यापन प्रतिवेदन निर्गत करने के उपरांत हीं भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

13. निविदादाता को आयकर विभाग से निबंधित होना चाहिए। निबंधन प्रमाण पत्र का स्व–अभिप्रमाणित एवं विगत तीन वर्षो यथा (Assesment Year 2023–24, 2024–25 एवं 2025–2026) का वार्षिक रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करना होगा।

14. निविदादाता जी०एस०टी० के अन्तर्गत निबंधित होना चाहिए। निबंधन प्रमाण पत्र एवं विगत दो तिमाही (छह माह) की अद्यतन रिटर्न की स्व–अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करना होगा।

15. निविदादाता का वार्षिक टर्न–ओवर कम से कम रूपये 10,00,000/– (दस लाख रूपये) होना चाहिए। निविदादाता को विगत तीन वर्षों यथा **2022–23, 2023–24 एवं 2024–25** के वार्षिक टर्न–ओवर का सत्यापित अभिलेख तकनीकी निविदा के प्रपत्र के साथ संलग्न करना होगा।

16. निविदादाता अपने निविदा के साथ विगत तीन साल में सरकारी विभाग में किये गये सामग्री आपूर्ति का प्रमाण–पत्र/(work order) या कार्य का अनुभव के संबंध में दस्तावेज संलग्न करेंगे।

17. सफल निविदादाता आदेश निंगत की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर रू0 1000/– (एक हजार रूपये) मात्र का ननजुडिशियल स्टाम्प पेपर कार्यालय में जमा कर एकरारनामा की सभी प्रक्रियाओं को पूरा करेंगे तथा निविदा में प्राप्त न्यूनतम दर पर अनुमानित मात्रा के मूल्य का 10 प्रतिशत किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का डीसीआर/एफ.डी.आर/बैंक गारण्टी प्रतिभूति राशि के रूप में Divisional Forest Officer-cum-Deputy Director, Valmiki Tiger Reserve Division-1, Bettiah (वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया) के पदनाम से Pledged कराकर जमा करना होगा।

18. असफल निविदाकर्त्ता की अग्रधन राशि निविदा के अन्तिम निर्णय के दो सप्ताह के बाद लौटा दी जायेगी।

19. निविदाकर्त्ता अपनी निविदा में सभी सामग्रियों के लिए अलग–अलग एवं साफ–साफ अक्षरों में दर अंकित करेंगे जो अंक एवं शब्द दोनों में होनी चाहिए।

20. प्राप्त/स्वीकृत निविदा दर से कम दर पर बाजार में उसी गुणवत्ता की सामग्री सुलभ होने पर निविदाकार्त्ता को बाजार दर पर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

21. यदि आपूर्तिकर्त्ता निविदा शर्त के किसी भी कंडिका के उल्लंघन अथवा सामग्री की आपूर्ति निर्धारित समय एवं मात्रा में नहीं करते है, तो आवश्यकतानुसार अन्य निविदाकर्त्ता से सफल निविदादाता द्वारा समर्पित निविदा दर (L1 दर) पर सामग्री की आपूर्ति ली जा सकती है।

22. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति की गयी निम्न कोटि की अस्वीकृत सामग्री को आपूर्तिकर्त्ता द्वारा आपूर्ति किये गये स्थान से तुरंत हटा लिया जायेगा। यदि आपूर्तिकर्त्ता उसे नहीं हटाते हैं तो वन प्रमण्डल

पदाधिकारी अथवा उनके प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उसे हटवा दिया जायेगा और उसके हटवाने पर जो खर्च होगा उसे आपूर्तिकर्त्ता से वसूल किया जयेगा। आपूर्तिकर्त्ता को इस कार्य से होने वाली क्षति की जिम्मेवारी विभाग पर नहीं होगी।

23. सामग्रियों की आपूर्ति की गुणवत्ता एवं मात्रा के संबंध में किसी प्रकार के विवाद का निर्णय समिति द्वारा किया जायेगा। जिसके सदस्य वन प्रमण्डल पदाधिकारी द्वारा निर्धारित पदाधिकारी एवं संबंधित वनों के क्षेत्र पदाधिकारी रहेंगे। समिति द्वारा लिया गया निर्णय यदि आपूर्तिकर्त्ता को मान्य नहीं होगा तो वैसी स्थिति में अंतिम निर्णय वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उप निदेपक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया द्वारा किया जायेगा।
24. सामग्री की आपूर्ति केवल निविदाकर्त्ता के द्वारा हीं की जायेगी।
25. निविदा प्रपत्र में निविदाकर्त्ता इस बात को प्रमाणित करेंगे कि उन्होंने निविदा के सभी शर्तों को पढ़ा/पढ़वाया और समझ लिया है तथा वे निविदा की सभी शर्तो को स्वीकार करते हैं।
26. वन प्रमण्डल पदाधिकारी को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बताये किसी भी या सभी निविदा को अस्वीकृत कर दें।
27. निविदा शर्त्त/प्रपत्र में निविदाकर्त्ता सभी शर्तो को स्वीकार करते हुए सभी पृष्ठों पर अपना हस्ताक्षर करेंगें।
28. सफल निविदाकर्त्ता से आवष्यकता होने पर ही सामग्री का कय किया जायेगा।
29. सरकार के निर्देश के अनुसार निविदा में भाग लेने हेतु आवेदक द्वारा चरित्र प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना है।
30. यदि किसी सामग्री हेतु दो या अधिक निविदाकर्त्ता एक ही दर देते हैं तो सभी निविदाकर्त्ता से सामग्री की आपूर्ति ली जा सकती है।
31. किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र बेतिया होगा।

वन प्रमंडल पदाधिकारी–सह–उपनिदेषक,
वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया
Email ID: dfo1vtr@gmail.com Mob-8986153401

# तकनीकी निविदा फार्म
## अति–अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 04/2025–26

1. निविदादाता /आपूर्त्तिकर्त्ता का नाम एवं पूरा पता दूरभाष एवं मोवाईल नं0 के साथ (प्रमाण हेतु आवष्यक दस्तावेज संलग्न करें) :–.
..............................................................................................................................
..............................................................................................................................

2. निविदादाता / आपूर्त्तिकर्त्ता के प्रतिष्ठान का नाम एवं पूरा पता दूरभाष संख्या के साथः– (प्रमाण हेतु आवष्यक दस्तावेज संलग्न करें)
..............................................................................................................................

3. जी0एस0टी0 पंजीकरण संख्या (विभाग का निबंधन प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न) :–.
..............................................................................................................................

4. आयकर विभाग से निबंधन संख्या (PAN की अभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न) :–.
..............................................................................................................................

5. आयकरदाता होने का विगत तीन साल का प्रमाण–पत्र (Assessment years 2023-24, 2024-25, 2025-26 के रिटर्न की प्रति संलग्न करें) :–..........................................................................

6. जी0एस0टी0 भरे जाने का विगत दो क्वॉटर (छः माह) का प्रमाण–पत्र (रिटर्न की प्रति संलग्न करें) :–.
..............................................................................................................................

7. कार्य का अनुभव विगत तीन सालों में (राज्य सरकार/निगम में) :–.
..............................................................................................................................

8. वार्षिक टर्न ओवर विगत दो साल (रु0 10,00,000/– (दस लाख) से अधिक प्रतिवर्ष) टर्न ओवरः– ...
..............................................................................................................................

9. यदि निविदा किसी फर्म द्वारा दिया गया है तो पार्टनरशिप डीड की छाया प्रति/फर्म द्वारा प्राधिकृति करने का पत्र :– ..........................................................................................

10. राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किये गये हस्ताक्षर का नमूना संलग्न :– ..................

11. सरकारी/गैर सरकारी संस्थान के काली सूची में निविदादाता का नाम दर्ज न होने संबंधी घोषणा पत्र :–
..............................................................................................................................

12. अग्रधन का पूर्ण विवरण :–

| बैंक ड्राफ्ट संख्या | दिनांक | निर्गत बैंक का नाम | कुल राशि |
|---|---|---|---|
| | | | |

13. प्रपत्र का मूल्य– रसीद संख्या/बैंक ड्रॉफ्ट संख्या

14. आवेदक का चरित्र प्रमाण–पत्र (सरकार के निदेशानुसार)

**नोट :– अनुलग्नक**

(i) आयकर रिटर्न की प्रति।
(ii) Balance Sheet showing turnover.
(iii) 25000/– (पचीस हजार) रुपये का बैंक ड्राफ्ट।
(iv) कार्य का अनुभव विगत तीन वर्षों का। (work order)
(v) जी.एस.टी (विभाग का निबंधन प्रमाण–पत्र एवं रिटर्न)
(vi) राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित हस्ताक्षर का नमूना
(vii) काली सूची में नाम दर्ज न होने का प्रमाण पत्र

स्थान : ..............................
दिनांकः ..............................

निविदादाता का हस्ताक्षर
पूरा नाम –
पता–
मोबाईल नं०:– ई–मेल :–

## अति–अल्पकालीन निविदा सूचना सं० 04/2025–26

### घोषणा–पत्र

मैं.................................................................. पिता का नाम.........................................................................

ग्राम..........................................पो०...................................................... थाना...................................................

जिला............................................ घोषणा करता हूँ कि मैंने ........................................................................

........................................................ (विभाग/कार्यालय का नाम) में ..............................................................

से ............................................ अवधि तक के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति का कार्य किया है/था तथा उस विभाग/कार्यालय अथवा किसी भी कार्य के लिए किसी सरकारी विभाग/कार्यालय द्वारा मुझे कृष्णचिन्हित (Black Listed) किया/नहीं किया गया है।

निविदाकर्त्ता का हस्ताक्षर,
तिथि.......................

बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी–सह–उपनिदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष्य प्रमंडल–1, बेतिया
Email ID: dfo1vtr@gmail.com Mob-8986153401

# अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं० 04/2025–26

## वित्तीय निविदा फार्म

| Sl. No. | Name of Construction Material (Make and source) | Rate inclusive of all taxes and Transportation | | Unit |
|---|---|---|---|---|
| | | In Digits | In Words | |
| 1 | **Portable LED Light Tower (E-Light)**<br>a) Provided with LED 360W (6 x 60 Watt LED)<br>b) lumen output 52,000 lm<br>c) Portable < 65 kg weight max can be taken by 2 persons at site.<br>d) With Battery Bank (48V, 60AH)<br>e) It can be extended to 4 + meter height<br>HSN CODE 94059900 | | | |

(*Note:-Quantity of material mentioned above is tentative. It may Increase or Decrease as per Requirement.)

The rates quoted by me are FOR at site (Gobardhana, Raghia and Manguraha Range area) for the one year and I agree to pay all Government taxes like Income Tax, G.S.T etc.

Your's Faithfully

Name- ____________________

Address- ____________________

Mobile .No- ____________________

विज्ञापन के प्रकाशन / प्रसारण हेतु दिये जाने वाले आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाने वाला प्रपत्र

1. कार्यालय का नाम :- वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह-उप निदेशक, वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष, प्रमंडल-1, बेतिया

2. विभाग का नाम (जिसके अंतर्गत कार्यालय है) :- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना

3. विज्ञापन दाता पदाधिकारी का नाम :- श्री विकास अहलावत, भा०व०से०,

4. विज्ञापन दाता पदाधिकारी का पदनाम :- वन प्रमंडल पदाधिकारी-सह-उप निदेशक

5. मोबाइल नंबर :- 8986153401

6. ई-मेल :-

7. मीडिया केटेगरी :- ☑ प्रिंट मीडिया ☐ इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

<u>प्रिंट मीडिया में प्रकाशन के लिए</u>

8. विज्ञापन का माध्यम :- ☑ News Paper ☐ Magazine

9. News Paper के लिए :-

विज्ञापन का प्रकार :- ☐ Classified ☐ Display

10. टर्म :- ☐ General Basis ☑ Urgent

(क) Tender के मामले में General basis हेतु परिमाण (BOQ) बिक्री प्रारम्भ की तिथि के 15 दिन पहले विज्ञापन दें एवं Urgent हेतु 7 दिन पहले विज्ञापन दें।

(ख) Procurement के मामले में General basis हेतु कोटेशन(Quotation) जमा करने की अंतिम तिथि के 15 दिन पहले विज्ञापन दें एवं Urgent हेतु 7 दिन पहले विज्ञापन दें।

(ग) अन्य के लिए General basis में प्रकाशन से 3 दिन पहले एवं Urgent में अगले दिन के लिए विज्ञापन दें।

11. Classified के लिए :- ☐ Tender ☐ Procurement ☐ Recruitment ☑ Notice

12. यदि निविदा (Tender) हो तो :-

a. परिमाण (BOQ) बिक्री के आरंभ होने की तिथि :-
b. परिमाण (BOQ) बिक्री की अंतिम तिथि :-
c. Tender जमा करने की अंतिम तिथि :-
d. प्राक्कलित राशि :-

13. यदि Procurement हो तो :-

a. कोटेशन (Quotation) जमा करने की अंतिम तिथि :-

14. विज्ञापन प्रकाशन करने की तिथि :-

15 विज्ञापन का संस्करण - हिन्दी, दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान, आज, दैनिक जागरण आदि

16 विज्ञापन से सम्बंधित विशिष्ट अपेक्षा (Language/Size. etc) :-

17 Display के लिए :-

a. चयन करे :- ☐ Colour ☐ Black & White

Electronic मीडिया मे प्रसारण के लिए

18 मीडिया का माध्यम :- ☐ TV News Channel ☐ Railway Station ☐ Radio ☐ Cinema Hall ☐ Airport

19 प्रसारण केन्द्र / स्थान :-

20 प्रसारण प्रारंभ करने की तिथि :- प्रसारण की अंतिम तिथि :-

21. विज्ञापन सम्बंधित विवरण :-

22. आवेदन पत्र के लिए निम्न दस्तावेज़ सलंग्न कर दिया गया है :-

(क) प्रिंट मीडिया के लिए :-

a. विभाग/ कार्यालय का अग्रसारण पत्र (अधिकतम 2MB आकार,प्रारूप PDF) [✓ हाँ] / [नहीं]

b. प्रकाशन हेतु दस्तावेज़ निविदा/ नोटिस/ खरीद/भर्ती (अधिकतम 20MB आकार, प्रारूप MS-Word(DOCX) [✓ हाँ] / [नहीं]

c. पोर्टल पर अपलोड हेतु दस्तावेज़ (निविदा/ नोटिस/ खरीद/भर्ती से सम्बंधित) (अधिकतम 15MB आकार, प्रारूप PDF) [✓ हाँ] / [नहीं]

(ख) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिए :-

a. विभाग का अग्रसारण पत्र (अधिकतम 2MB आकार, प्रारूप PDF ) [✓ हाँ] / [नहीं]

b. प्रसारण हेतु मीडिया file (अधिकतम 20MB आकार, प्रारूप MP4) [✓ हाँ] / [नहीं]

मै सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी सही है |

तिथि :-

पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं मोहर
D.F.O.-cum-Dy. Director
Valmiki Tiger Project
Division-I, BETTIAH

नोट - कृपया सम्बंधित बॉक्स मे [✓] का निशान लगाये |

- विज्ञापन नीति 2016 के अनुसार विज्ञापन के निर्गम हेतु समाचार पत्र /पत्रिकाओं के चयन में विभाग का निर्णय अंतिम होगा तथा विज्ञापनों के आकार एवं उसके डिजाईन में परिवर्तन/संशोधन करने का आधिकार सुचना एवं जन संपर्क विभाग में निहित है |
- किसी भी कठिनाई निवारण हेतु ई – मेल :- eadvertisement.iprd@gmail.com पर मेल भेजें |